गुरुवार
08 जून, 2023
डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स
आपकी आवाज



बेटे का तिलक देख रही मां को लगी गोली
खून अधिक बहने से हालत गंभीर 2

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक

लखनऊ कोर्ट में पेशी पर आए गैंगस्टर संजीव जीवा की गोली मारकर हत्या

- कैसरबाग कोर्ट परिसर में हुई घटना, पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल
- मुख्तार अंसारी का करीबी माना जाता था संजीव महेश्वरी जीवा
- वकील की ड्रेस में आए युवक ने बरसायी ताबड़तोड़ गोली

एजेंसी/लखनऊ

उत्तर प्रदेश के लखनऊ में कैसरबाग कोर्ट परिसर में मुख्तार अंसारी के करीबी माने जाने वाले गैंगस्टर संजीव महेश्वरी जीवा की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एक बच्ची को भी गोली लगी है। वारदात में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है। यूपी में दो महीने के भीतर पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच किसी हत्या का यह दूसरा मामला है। इससे पहले प्रयागराज में 15 अप्रैल को माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की पुलिस हिरासत के दौरान मीडिया की वेशभूषा में आए बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।



गैंगस्टर संजीव जीवा की फाइल फोटो

गैंगस्टर संजीव जीवा पर गोली चलाने वाला हमलावर वकील की ड्रेस में आया था। पुलिस ने हमलावर को हिरासत में ले लिया है। जीवा बीजेपी नेता ब्रह्मदत्त द्विवेदी की हत्या का आरोपी था। जीवा यूपी के शामली जिले का रहने वाला था। उस पर 22 से ज्यादा मामले दर्ज थे। जीवा की पत्नी पायल ने 2017 में मुजफ्फरनगर सदर विधानसभा सीट से राष्ट्रीय लोक दल के बैनर पर चुनाव लड़ा था। संजीव



पुलिस हिरासत में संजीव जीवा का हत्यारा।

जीवा को गोली मारने वाले हमलावर की पहचान विजय यादव, पुत्र श्यामा यादव, निवासी केराकत, जिला जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस छानबीन में जुटी है। इस बीच उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने घटना पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि अगर समाजवादी पार्टी कुछ कह देगी तो कहेंगे कि सपा ने मरवा दिया।

चश्मदीद बोले... अतीक की हत्या की पुनरावृत्ति हुई है

लखनऊ के संयुक्त पुलिस आयुक्त उपेंद्र कुमार अग्रवाल ने बताया कि संजीव जीवा को गोली लगी है, उसे अस्पताल भेजा गया है। जीवा को कोर्ट परिसर में लाने वाले दो पुलिसवालों को भी चोटें आई हैं। उन्हें भी हॉस्पिटल भेजा गया है। बच्ची भी ट्रॉमा सेंटर में भर्ती है। वारदात को लेकर कोर्ट परिसर में मौजूद वकील काफी आक्रोश में हैं. चश्मदीदों ने बताया कि एक बच्ची को भी गोली लगी है। चश्मदीदों के मुताबिक, हमलवार ने संजीव जीवा के ऊपर 5-6 गोलियां चलाईं। एक शख्स ने कहा कि प्रयागराज में जो (अतीक अहमद की हत्या) हुआ उसकी पुनरावृत्ति हुई है. शासन वहां भी सतर्क नहीं हुआ, यहां भी नहीं हुआ। जीवा को मारने के लिए वेल प्लांड लोग आए थे। उसने कहा कि बार से बराबर लेटर जा रहा है कि जिला अदालत में सुरक्षा नहीं है। ये पुलिस प्रशासन का काम है।

घटनास्थल पर मौजूद एक वकील ने बताई आंखों देखी

घटनास्थल पर मौजूद एक वकील ने बताया मेरे सामने फायरिंग हुई, छह गोली उसने चलाई, गोली एक बच्ची को लगी, एक कॉन्सटेबल को, एक आदमी को लगी, एससी-एसटी कोर्ट के गेट पर गोली लगी। हम लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई है। उस समय काफी पुलिसकर्मी कोर्ट के अंदर भी मौजूद थे, जिन्होंने (हमलावर को) पकड़ने की कोशिश की। हमलावर अकेला ही था। गोली लगने के बाद जीवा गेट पर गिर गया था।

कोर्ट परिसर की सुरक्षा पर उठ रहे सवाल: वकीलों ने कहा, हम लोगों की भी जांच होती है लेकिन पुलिस कैसे जांच करती है, कैसे इनके सारे सिस्टम काम कर रहे हैं, जरा एक बार आकर पुलिस को ही अपना सारा कुछ चेक कर लेना चाहिए। एक वकील ने बताया, जीवा पहले (कोर्ट रूम से) बाहर ही था, उसको जब गोली लगी तब वह अंदर की तरफ भागा था।

लोकसभा चुनाव को लेकर 23 को होगी विपक्षी दलों की बैठक

केटी न्यूज/पटना

विपक्षी दलों की बैठक की नई तारीख का ऐलान कर दिया गया है। 12 जून को बिहार के पटना में होने वाली ये बैठक स्थगित कर दी गई थी। जेडीयू प्रमुख ललन सिंह ने बुधवार को कहा कि विपक्ष की ये बैठक अब 23 जून को पटना में होगी। सभी विपक्षी दलों ने इस पर सहमति जताई है। 2024 के लिए ये बैठक मील का पत्थर साबित होगी और देश बीजेपी मुक्त होगा।

ललन सिंह ने बताया कि पहले 12 जून को पटना में विपक्षी दलों की बैठक तय की गई थी, लेकिन कई मुख्यमंत्रियों के अपने-अपने राज्यों में कार्यक्रम थे इसलिए बैठक स्थगित कर दी गई। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पार्टी नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उद्धव ठाकरे, राकांपा प्रमुख शरद पवार, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, भाकपा महासचिव डी राजा, सीताराम येचुरी और दीपांकर भट्टाचार्य बैठक में शामिल होंगे।

इस बैठक को लेकर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि देश के जो हालात हैं उसे देखते हुए 23 जून को पटना में एक अहम बैठक होने वाली है। इस बैठक के बाद एक सकारात्मक रिजल्ट आएगा। लालू यादव और नीतीश कुमार समेत हम लोग भी चाहते हैं कि विपक्ष एकजुट हो। इस बैठक में सभी दलों के प्रमुख, सीएम मौजूद रहेंगे।

खबरें फटाफट

बिहार में बड़े पैमाने पर आईएएस अफसरों का तबादला



पटना। बिहार में बड़े पैमाने पर आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। राज्य के कई विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिवों को बदला गया है, उन्हें नई जिम्मेदारी दी गई है। इस संबंध में प्रशासन की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। शिक्षा विभाग के प्रमुख बने केके पाठक बनाए गए हैं, जबकि चैतन्य प्रसाद जल संसाधन विभाग के प्रमुख सचिव बनाए गए हैं। गृह विभाग के प्रमुख सचिव सिद्धार्थ बने हैं। वहीं सहकारिता विभाग के अपर सचिव दीपक कुमार सिंह को बनाया गया है। हरजोत कौर को कला संस्कृति विभाग का प्रमुख सचिव बनाया गया है। खान विभाग के प्रमुख सचिव परिमार रवि भाई मनु बनाए गए हैं और वित्त विभाग के प्रधान सचिव अरविंद कुमार चौधरी बनाए गए हैं। पशु संसाधन विभाग के प्रधान सचिव विजयलक्ष्मी एस को बनाया गया है। ग्रामीण विकास विभाग का सचिव श्रवण कुमार, वहीं वन पर्यावरण विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी बनीं हैं। लघु संसाधन विभाग की विशेष सचिव असीमा जैन को बनाया गया है। दरभंगा की उप विकास आयुक्त प्रतिमा रानी बनीं हैं। डी राजेंद्र को श्रम संसाधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

पीएम मोदी के नेतृत्व में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया फैसला

किसानों को तोहफा... रहर-उड़द दाल की एमएसपी में बंपर बढ़ोतरी

- रहर दाल की एमएसपी में 400 रुपए उड़द दाल की एमएसपी में 350 रुपए की बढ़ोतरी
- मक्के की एमएसपी में 128 रुपए, ग्रेड ए धान की एमएसपी में 143 रुपए की बढ़ोतरी केंद्र सरकार ने की है

एजेंसी/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई। इसमें किसान, बीएसएनएल और गुरुग्राम सिटी सेंटर मेट्रो से संबंधित फैसले लिए गए। बैठक में मोदी सरकार ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। लंबे समय से मांग की जा रही थी कि रहर दाल की एमएसपी में बढ़ोतरी होनी चाहिए। बुधवार को कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दे दी। इसमें रहर दाल की एमएसपी में सीधे 400 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। रहर दाल की एमएसपी 7000 रुपए प्रति क्विंटल कर दी गई है। इसके अलावा उड़द दाल की एमएसपी में 350 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।

एमएसपी भारत में किसानों को उनकी उपज के न्यूनतम मूल्य की गारंटी देती है, जो किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण सुरक्षा का काम करता है। दाल के अलावा मक्के की एमएसपी में 128 रुपए की बढ़ोतरी की है। इसके अलावा ग्रेड ए धान की एमएसपी में 143 रुपए की बढ़ोतरी की गई है। वहीं, सामान्य धान की एमएसपी में 143 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। किसानों के हित में फैसला लेते हुए मोदी सरकार ने पिछले दिनों मार्केट में दालों की घरेलू सप्लाई बढ़ाने के लिए 2023-24 के लिए प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत अरहर, उड़द और मसूर के लिए 40 फीसदी की खरीद सीमा को हटा दिया था। इसका मतलब है कि सरकार किसानों से जितनी चाहे दाल खरीद सकती है। सरकार का मानना है कि इससे दो फायदे होंगे, पहला दालों की सप्लाई मार्केट में बढ़ेगी तो दाम काबू में रहेंगे। वहीं, दूसरा किसानों को दालों की अच्छी कीमत मिलेगी।

वहीं मूंग दाल के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सबसे ज्यादा 10.4 फीसदी, मूंगफली पर 9%, सेसमम पर 10.3%, धान पर 7%, जवार, बाजरा, रागी, मेज, अरहर दाल, उड़द दाल, सोयाबीन और सूरजमुखी बीज पर वित्त वर्ष 2023-2024 के लिए लगभग 6 से 7 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।



बीएसएनएल के लिए 89,000 करोड़ रुपये के पैकेज की मंजूरी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बीएसएनएल के लिए 89,000 करोड़ रुपये के पुनरुद्धार पैकेज को मंजूरी दे दी है। इस पैकेज का उपयोग बीएसएनएल की 4जी और 5जी सेवाओं को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। सरकार ने बुधवार को एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। केंद्र सरकार का मानना है कि दूरसंचार क्षेत्र में एक सरकारी पीएसयू को अपने रणनीतिक महत्व के कारण फलना-फूलना चाहिए। केंद्र ने जुलाई 2022 में भी बीएसएनएल के लिए एक पुनरुद्धार पैकेज की घोषणा की थी, ताकि दूरसंचार पीएसयू को अधिक लाभदायक संगठन बनाया जा सके।

ओडिशा रेल हादसे और मणिपुर हिंसा को लेकर क्या कहा: पीयूष गोयल ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हुई कैबिनट मीटिंग में बालासोर रेल एक्सीडेंट और मणिपुर हिंसा में जान गंवाने वाले परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की और घायलों की जल्द ही ठीक होने की कामना की। दरअसल ओडिशा के बालासोर जिले के बाहानगा बाजार स्टेशन के पास शुक्रवार (2 जून) को तीन ट्रेन दुर्घटनाग्रस्त हो गईं। इसमें हावड़ा-चेन्नई कोरोमंडल एक्सप्रेस, बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस और स्टेशन पर खड़ी हुई माल गाड़ी थी। इस एक्सीडेंट में 288 लोगों की मौत हुई है।

16,000 हृदय रोगियों का इलाज करनेवाले 41 वर्षीय डॉक्टर गौरव गांधी की हार्ट अटैक से मौत

एजेंसी/जामनगर

गुजरात के जामनगर से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां लोगों के हृदय का इलाज करने वाले एक फेमस डॉक्टर गौरव गांधी की मौत हार्ट अटैक से हो गई। इस घटना के बाद, डॉक्टर भी हैरान हैं कि इतने युवा और हृदय के विशेषज्ञ की मौत हार्ट अटैक से कैसे हो गई। 41 साल के गौरव गांधी का नाम न केवल जामनगर बल्कि सौराष्ट्र रीजन के फेमस कॉर्डियोलाजिस्ट थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गौरव गांधी ने अपने



चिकित्सा पेशे में 16,000 से ज्यादा दिल के मरीजों का इलाज किया था।

रिपोर्ट्स में एमपी शाह मेडिकल कॉलेज जामनगर की डीन डॉ नंदिनी देसाई के हवाले से बताया गया है कि डॉक्टर गांधी अपने घर पहुंचने के दो घंटे बाद अपने बाथरूम के पास अचानक गिर पड़े थे। इसके बाद उन्हें जीजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। अस्पताल पहुंचने के 45 मिनट के भीतर उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, मौत से पहले वे बिल्कुल स्वस्थ थे। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उन्होंने हर रोज की तरह ही सोमवार रात को भी अपने मरीजों का चेकअप किया था। इसके बाद वे अपने घर लौट आए। जहां उन्होंने खाना खाया और सोने चले गए। इसके बाद वे उठे ही नहीं।

3डी और 2डी में दिखाएं जाएंगे शो, ऑनलाइन माध्यम से होगी टिकटों की बुकिंग

15 की बजाय 10 से ही शुरू हो रहा दरभंगा का तारामंडल

एजेंसी/दरभंगा

दरभंगा में तारामंडल-सह-ज्ञान एवं विज्ञान संग्रहालय का शुभारंभ 10 जून से ही होगा। पहले इसकी शुरूआत 15 जून से होने वाली थी। 3डी और 2डी में शो दिखाएं जाएंगे। इसके लिए जल्द ही प्रशासन द्वारा ऑनलाइन बुकिंग लिंक भी उपलब्ध करवाया जाएगा। शो का समय निदेशालय स्तर से तय किया गया है। तारामंडल के लिए बुकिंग ऑनलाइन ही होगी। तारामंडल में शो देखने के लिए टिकट के साथ आने वाले को ही प्रवेश दिया जाएगा। वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था के लिए जगह चिह्नित किया जा रहा है।



सुबह 11 से देखिए ग्रहों और तारों की दुनिया: दरभंगा अभियंत्रण महाविद्यालय के प्राचार्य संदीप तिवारी द्वारा बताया गया कि प्रवेश-निकास एवं शो का समय विभाग द्वारा निर्धारित किया गया है। पूर्वाह्न 11 बजे से पूर्वाह्न 11:45 बजे तक 2डी शो दिखाया जाएगा, जिसके लिए दर्शकों का प्रवेश समय पूर्वाह्न 10:30 बजे निर्धारित किया गया है। वहीं अपराह्न 12:15 बजे से 01 बजे तक 3डी शो दिखाया जाएगा, जिसके लिए दर्शकों का प्रवेश का समय अपराह्न 12 बजे निर्धारित किया गया है। जबकि अपराह्न 02:15 बजे से अपराह्न 03 बजे तक पुनः 2डी शो दिखाया जाएगा, जिसके लिए प्रवेश का समय अपराह्न 02 बजे निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही अपराह्न 03:15 बजे से अपराह्न 04 बजे तक 3डी शो दिखाया जाएगा, जिसके लिए प्रवेश का समय अपराह्न 03 बजे निर्धारित किया गया है।

तारामंडल के अंदर कुल 150 सीट

तारामंडल के अंदर कुल 150 सीटें हैं। तारामंडल के 03 गेट हैं। टिकट बुकिंग के लिए लिंक जल्द से जल्द आमलोगों को मुहैय्या कराया जाएगा। पहले दिन के शो की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। तारामंडल में गाड़ी पार्किंग करने वाले को शो समाप्त होने के बाद पार्किंग खाली करने की बाध्यता होगी। वही जिलाधिकारी ने तारामंडल की सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं। टिकट की दर का निर्णय विभाग द्वारा लिया जा चुका है।



खबरें फटाफट

जिलाधिकारी ने समर कैंप का किया निरीक्षण, छात्र-छात्राओं को किया प्रोत्साहित

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बुधवार को अपने क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत सहबाजपुर प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय में आयोजित समर कैम्प का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों को जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि समर कैम्प 2023 के तहत एक से 30 जून तक शिक्षा सेवकों के माध्यम से कक्षा छह एवं सात के विद्यार्थियों में भाषा एवं गणित के बुनियादी कौशल का सम्बर्द्धन के क्रम में जिलाधिकारी ने समर कैम्प 2023 का स्थलीय निरीक्षण किया तथा निरीक्षण के क्रम में समर कैम्प से अच्छादित छात्र/छात्रा उपस्थित पाये गये। उपस्थित छात्र/छात्राओं से जिलाधिकारी ने समर कैम्प में आयोजित कार्यक्रमों के गतिविधि के सन्दर्भ में कई छात्र व छात्राओं से प्रश्न कर उनको प्रोत्साहित किया। जिलाधिकारी ने संतोष प्रकट करते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के समर कैम्प 2023 के सफल संचालन करने हेतु सभी केन्द्रों का अनुश्रवण करने का निदेश दिया। शिक्षा विभाग व प्रथम संस्था के सहयोग से जिले में समर कैम्प हेतु 1864 शिक्षा सेवक/तालीमी मरकज व भीटी को प्रशिक्षण दिया गया है। जिले में कुल 502 केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है जिसमें 6374 छात्र व छात्राओं जो वर्ग 06 एवं 07 के है को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

15 से 20 जून तक प्रखंड स्तर पर बैठक आयोजित कर संगठन को धारदार बनाना है : विद्यानंद विकल

जहानाबाद। जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में एक दिवसीय जिला कार्यकारणी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मगध प्रमंडल प्रभारी विद्यानंद विकल उपस्थित हुए और संगठन को पंचायत से लेकर बूथ तक कार्यकर्ता को बूथ स्तर तक संगठन को विस्तार करने का निर्णय लिया गया। 15 से 20 जून तक प्रखंड स्तर पर बैठक आयोजित कर संगठन को धारदार बनाना है। विद्यानंद विकल ने कहा कि आज पूरे देश आराजक स्थिति में है।इसलिए 2024 के आम चुनाव में जदयू कार्यकर्ता हर बूथ तक उपस्थिथि दर्ज कराए। सांसद चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी कहा कि प्रदेश द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम कपूर्री संवाद का कार्यक्रम हर पंचायत, टोलों व कस्बों तक आयोजन कर मुख्यमंत्री द्वारा अतिपिछड़ा के किए गए कार्यों को लोगो को बताने का कार्य करें। सांसद ने कहा की कार्यकर्ता को संगठन को विस्तार में कदम से कदम मिलाकर चलने का काम करेंगे। प्रदेश प्रवक्ता सह पूर्व विधायक राहुल कुमार ने कहा कि केंद्र की सरकार ने देश में बेरोजगारों का फौज खड़ी कर दी है।

16 जून से सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा, फ्रंटलाइन वर्कर्स को मिला प्रशिक्षण

- बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए कार्यपालक निदेशक ने पत्र जारी कर दिए निर्देश
- घर घर जाकर पांच वर्ष तक बच्चों को दिए जायेंगे ओआरएस के पैकेट व जिंक टेबलेट

केटी न्यूज/बक्सर

जिले का तापमान फिलहाल 40 डिग्री पार चल रहा है। ऐसे में लोग जल्द से जल्द मानसून के आने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन, मानसून के आने के साथ कई ऐसी बीमारियां हैं जो लोगों को परेशान करती हैं। जिसमें डायरिया सबसे आसानी से होने वाला रोग है। इस मौसम में होने वाला डायरिया सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाला वर्ग 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का होता है। छोटे बच्चों में घुटने के बल चलना या किसी भी पड़ी हुई वस्तु को मुंह में डालना सामान्य प्रक्रिया है। नतीजा बरसात के गंदे पानी और गीले फर्श या घर के आस पास मौजूद नमी से पनपे रोगाणु उन्हे तुरंत प्रभावित कर देते हैं। इन बातों को ध्यान में रखते हुये स्वास्थ्य विभाग ने 16 जून से जिले में सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा चलाने का निर्णय लिया है। ताकि इसके कुप्रभाव से शिशुओं को बचाया जा सके। इस संबंध में कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार संजय कुमार सिंह ने



सिविल सर्जन को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश जारी किया है।

घरेलु उपचार से बचें , लक्षणों को पहचाने : सदर प्रखंड स्थित पीएचसी के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मिथिलेश सिंह ने बताया कि डायरिया तीन प्रकार के होते हैं। एक्यूट वाटरी डायरिया जिसमें दस्त काफी पतला होता है एवं यह कुछ घंटों या कुछ दिनों तक ही होता है। इससे बच्चे के वजन में गिरावट होने का भय रहता है। दूसरा एक्यूट ब्लडी डायरिय, इससे आंत में संक्रमण एवं कुपोषण हो सकता है। तीसरा परसिस्टेंट डायरिया जो लंबे समय तक रहता है और बच्चों को अतिकुपोषित कर सेहत के लिए काफी नुकसान दायक हो सकता है। इसलिए बच्चो में डायरिया होने पर यदि ओआरएस और जिंक से फायदा होता ना दिखे तो घरेलू उपायों के भरोसे ना बैठ कर अविलंब बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाएं। साथ ही, जिन बच्चों में डायरिया के लक्षण दिखाई देते हैं, उन्हें 15 दिनों तक जिंक टेबलेट का सेवन कराना चाहिए।

पांच वर्ष तक के बच्चों को किया गया है लक्षित: सदर बीसीएम प्रिंस कुमार सिंह ने बताया, जारी पत्र के अनुसार सदर प्रखंड समेत पूरे जिले में 16 से 30 जून तक संचालित होने वाले इस दस्त नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान जिले के सभी पांच वर्ष तक के बच्चों को लक्षित किया गया है। अभियान के तहत स्वास्थ्य केंद्रों, अतिसंवेदनशील क्षेत्रों, शहरी झुग्गी-झोपड़ी, निर्माण कार्य में लगे मजदूरों के परिवार, ईंट-भट्ठे के निर्माण वाले क्षेत्र, अनाथालय और ऐसे चिह्नित क्षेत्र जहां दो तीन वर्ष पूर्व तक दस्त के मामले अधिक पाये गये हों, छोटे गांव व टोले जहां साफ सफाई और पानी की आपूर्ति एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी हो, ऐसी जगहों को प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में रखा गया है। सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा का लक्ष्य जिले के 5 वर्ष तक के बच्चे तक ओआरएस पैकेट पहुंचाना भी है। साथ ही डायरिया से बचाव को लेकर ओआरएस और जिंक टेबलेट का सेवन करने के लिए प्रेरित भी करना है। इस क्रम में सदर प्रखंड की एएनएम और आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

बेटे का तिलक देख रही मां को लगी गोली

खून अधिक बहने से हालत गंभीर, पटना रेफर

- चिंतनीय : जिले के अलग अलग स्थानों में हर्ष फायरिंग के दौरान दो लोग जख्मी
- आंगन में कुर्सी पर बैठकर तिलक देख रही महिला की पेट में लगी गोली
- जांच में पता चला कि बेटे ने ही शुरू की थी हर्ष फायरिंग

केटी न्यूज/आरा

जिले के संदेश थाना क्षेत्र के डिहरी गांव में मंगलवार की रात तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग में दूल्हे की बुजुर्ग मां को गोली लग गयी। गोली उनके पेट में बीचो-बीच लगी है। जिससे वो गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उनका इलाज आरा के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में किया गया, लेकिन बाद में उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। जख्मी महिला डिहरी गांव निवासी स्व. कुंवर सिंह की पत्नी तारामुनी कुंअर (70 वर्षीर्या) है। दूल्हे की मां को गोली लगने के बाद तिलक समारोह में अफरतफरी मच गयी।? तिलक चढ़ाने आये रिश्तेदारों सहित अन्य लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना मिलने पर स्थानीय थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले में अपने स्तर से छानबीन की। पुलिस की शुरूआती जांच में बेटे की ओर से ही हर्ष फायरिंग की जा रही थी। उसमें उसकी मां को गोली लग गयी है।

जख्मी महिला के बड़े बेटे तुलसी सिंह ने बताया कि मंगलवार की शाम उनके छोटे भाई बजरंगी सिंह का तिलक रोहतास के शंकरपुर गांव निवासी वकील यादव के घर से आया था। देर रात आंगन में तिलक चढ़ाने का कार्यक्रम चल रहा था। तब उनकी मां तारामुनी कुंअर कुर्सी पर बैठ कर तिलक देख रही थी। उस समय अचानक फायरिंग हो गई। उसमें उनकी मां पेट में गोली लग गई और वह जमीन पर गिर पड़ी। जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां से उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में यह बात सामने आयी है कि महिला के बेटे ने ही अवैध हथियार से हर्ष फायरिंग की कोशिश की थी। तभी अचानक ट्रिगर दबा और गोली उसकी मां को लग गयी। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। फायरिंग करने वाले की पहचान भी कर ली गयी है। इस मामले में बयान दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस को गुमराह करते रहे परिजन

महिला को गोली लगने के बाद परिजन काफी देर तक पुलिस को गुमराह करते रहें। परिजनों ने पुलिस को करंट का झटका लगने की बात बतायी। बाद में पुलिस ने अपने स्तर से जांच की तो हर्ष फायरिंग में गोली लगने की बात सामने आयी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में



द्वार पूजा के दौरान हर्ष फायरिंग में कैमरामैन समेत तीन लोग जख्मी

- लड़की के मौसा ने की थी फायरिंग, पुलिस कर रही है छापेमारी



आरा। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा बसंतपुर गांव में मंगलवार की देर रात बारात में द्वार पूजा के दौरान जमकर हर्ष फायरिंग की गयी। जिसमें छर्रा लगने से कैमरामैन समेत तीन बाराती जख्मी हो गए। कैमरामैन के दोनों पैर और अन्य दोनों लोगों के एक-एक पैर में छर्रा लगा है। तीनों का इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में बक्सर जिला के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के एकडार गांव निवासी लाल मोहर यादव का बेटा मुकेश कुमार यादव, बालक यादव के बेटे राजेंद्र यादव और तीसरा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा गांव निवासी लखन राय के बेटे वीर राय शामिल हैं। मुकेश कुमार यादव कैमरामैन है, जो दूल्हे का रिश्तेदार भी है। वहीं घटना के बाद बारातियों और सारातियों में भगदड़ मच गई। पुलिस की अबतक की जांच में लड़की के मौसा की ओर लाइसेंसी हथियार से हर्ष फायरिंग किये जाने की बात सामने आ रही है। ऐसे पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी और हथियार की लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई में जुट गयी है। कैमरामैन मुकेश यादव ने बताया कि तीयर थाना क्षेत्र के उत्तरदहा गांव निवासी अवध बिहारी के बेटे भीम यादव की बारात मंगलवार को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बारा-बसंतपुर गांव निवासी कन्हैया यादव के घर आयी थी। देर रात द्वारपूजा का कार्यक्रम चल रहा था। वह स्टेज पर वीडियोग्राफी कर रहा था। उस दौरान लड़की पक्ष के लोगों की ओर से हर्ष फायरिंग की जाने लगी। उसमें उसे दोनों पैर में छर्रा लग गया। वहीं राजेंद्र यादव और वीर राय को दाहिने पैर में छर्रा लग गया। उसमें तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद सभी को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में पता चला कि लड़की पक्ष के रिश्तेदार जो संभवतः उस घर के साढू हैं, उनके द्वारा हर्ष फायरिंग की जा रही थी। फायरिंग करने वाले की पहचान कर ली गयी है। वीडियो फुटेज भी उपलब्ध किया गया है। हथियार लाइसेंसी बताया जा रहा है। उसकी जांच की जा रही है। हथियार लाइसेंसी निकला, तो अनुज्ञप्ति रद्द करना का प्रस्ताव भेजा जाएगा।

सख्ती दिखाई। अस्पताल और स्थानीय सूत्रों से जांच में हर्ष फायरिंग में गोली लगने की जानकारी मिली। जिसके बाद पुलिस अपने स्तर से प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू की दी। वहीं, दूसरी ओर पेट में गोली लगने की वजह से महिला का काफी खून निकल गया था। जिसके कारण उसे खून चढ़ाना था, लेकिन उनके परिवार से कोई भी खून देने के लिए तैयार नहीं हुआ। जिससे उनकी स्थिति गंभीर होती जा रही थी। यह देख चिकित्सक ने महिला को पटना रेफर कर दिया।

एक नजर

सड़क हादसे में ट्रक ने बाइक सवार मां-बेटी सहित तीन को रौंदा, महिला की मौत व बेटी जख्मी



आरा। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के फतेहपुर बाजार पर बुधवार की सुबह बेलगाम ट्रक ने एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उसमें बाइक सवार एक महिला की मौत हो गयी, जबकि उसकी बेटी जख्मी हो गयी। हालांकि बाइक चला रहा उनका भतीजा बाल-बाल बच गया। मृतका सिकरहट्टा थाना क्षेत्र के बघड़ा टोला गांव निवासी राजू पासवान की 40 वर्षीर्या पत्नी धर्मशीला देवी थी। जख्मी उनकी आठ साल की बेटी राजा कुमारी है। जिसे मामूली चोट आयी है। सूचना मिलते ही सिकरहट्टा थानाध्यक्ष पवन कुमार जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और चालक को गिरफ्तार कर लिया।? ट्रक को भी जब्त किया। मृत महिला की गोतनी आरती देवी ने बताया कि पिछले दिनों मोपती गांव निवासी उनके जीजा भानु पासवान का हाथ टूट गया है। जिनका हाल जानने के लिए बुधवार की सुबह उनकी गोतनी अपनी बेटी राजा कुमारी और भतीजे रितेश के साथ जा रही थी। उसी दौरान फतेहपुर बाजार पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। उसमें धर्मशीला देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। उनकी बेटी मामूली रूप से जख्मी हो गई, जबकि बाइक चला रहा भतीजा रितेश कुमार बाल-बाल बच गया। उसके बाद स्थानीय थाना द्वारा उन्हें इलाज के लिए पीरो रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उनकी हालत देखते हुए आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया था। हालांकि आरा सदर अस्पताल पहुंचने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

वाहन की चपेट में आने से महिला की मौत

सासाराम। जिले के करगहर थाना क्षेत्र के गारा चौबे नहर पर तोरनी गांव के पास बुधवार को एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आकर महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान रीवा ग्राम पंचायत के जोगवलिया निवासी हरिराम की 60 साल की पत्नी टुनिया देवी के रूप में की गई है। टुनिया देवी का मायके जोग वालिया गांव के पास ही ठोरसन पश्चिम में स्थित है। आज वह अपने गांव से मायके के लिए ही निकली थी। अकेले पैदल ही गोगहरा लाइन नहर के सेवा पथ पर जा रही थी। इसी क्रम में तोरनी स्कूल के पास वाहन ने जबरदस्त टक्कर मार दी। घटना के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया। वाहन की चपेट में आई महिला की मौत मौके पर ही हो गई। जुटे लोगों ने शव की पहचान के बाद परिजनों और पुलिस को खबर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। थानाध्यक्ष सुंदेश्वर कुमार दास ने बताया कि दुर्घटना के बाद फरार वाहन को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है।



जून माह में नाइट ब्लड सर्वे और अगस्त माह में चलेगा सर्वजन दवा सेवन अभियान

नाइट ब्लड सर्वे से फाइलेरिया प्रसार दर का लगाया जायेगा पता

केटी न्यूज/नवादा

जिला में फाइलेरिया उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 10 अगस्त से सर्वजन दवा सेवन अभियान चलाया जायेगा। अभियान से पूर्व जून माह के दूसरे पखवाड़े में नाइट ब्लड सर्वे किया जायेगा। इस सर्वे की मदद से फाइलेरिया के प्रसार दर को जाना जायेगा। प्रसार दर की मदद से फाइलेरिया के प्रभा व का पता लगा कर वहां लोगों में फाइलेरिया से बचाव के लिए दवा सेवन के प्रति जागरूक किया जायेगा। नाइट ब्लड सर्वे के लिए सभी प्रखंडों में दो साइट को चिन्हित किया गया है। इनमें एक फिक्स्ड साइट और दूसरा रैडम साइट होगा। नाइट ब्लड सर्वे के लिए तीस से अधिक साइटों के चयन करने पर विचार किया



जा रहा है। प्रत्येक साइट से तीन सौ ब्लड सैंपल जमा किये जायेंगे।

नाइट ब्लड सर्वे को लेकर प्रशिक्षण: जिला में नाइट ब्लड सर्वे को लेकर मंगलवार को सदर अस्पताल स्थित जिला स्वास्थ्य समिति सभागार में सिविल सर्जन डॉ. राम कुमार प्रसाद की अध्यक्षता में सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों तथा स्वास्थ्य प्रबंधकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. आफताब कलीम, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार तथा गैर संचारी रोग पदाधिकारी बीबी सिंह सहित फाइलेरिया विभाग के कर्मी मौजूद रहे। प्रशिक्षण केयर इंडिया के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी फाइलेरिया कार्यक्रम मोहम्मद आरिफ ने दिया।

जिला को फाइलेरिया से उन्मूलन दिलाना लक्ष्य: सिविल सर्जन ने कहा कि ?प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों तथा स्वास्थ्य प्रबंधकों के लिए यह महत्वपूर्ण प्रशिक्षण है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन करने की दिशा में सभी कवायद ?की जा रही है। पूर्व में भी फाइलेरिया उन्मूलन के लिए नाइट ब्लड सर्वे तथा सर्वजन दवा सेवन अभियान संचालित किये गये हैं। इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिले हैं। फाइलेरिया को पूर्णतः दूर किये जाने की स्वास्थ्य विभाग की पूरी कोशिश है और इस लक्ष्य को भविष्य में अवश्य प्राप्त किया जायेगा। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है और इससे होने वाले हाथीपांव के कारण मरीज अपनी सारी जिंदगी विकलांगता का सामना करता है। इससे हाइड्रोसील की समस्या भी होती है जिसका इलाज सर्जरी है।

नाइट ब्लड सर्वे फाइलेरिया उन्मूलन की महत्वपूर्ण कड़ी: जिला वेक्टर ?जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ आफताब कलीम ने बताया ?कि उन्होंने बताया कि जिला में नाइट ब्लड सर्वे के कार्यक्रम में फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट ग्रुप द्वारा जागरूकता लाने के लिए सहयोग किया जायेगा। कहा कि फाइलेरिया हो जाने पर किसी प्रकार का इलाज संभव नहीं है। इसके लिए जरूरी है कि फाइलेरिया से बचाव वाली दवा का सेवन किया जाये. उन्होंने बताया ?कि फाइलेरिया उन्मूलन के लिए नाइट ब्लड सर्वे एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इस सर्वे की मदद से फाइलेरिया प्रसार दर का पता चल पाता है। उन्होंने बताया कि जिला में नाइट ब्लड सर्वे के कार्यक्रम में फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट ग्रुप द्वारा जागरूकता लाने के लिए सहयोग किया जायेगा।

नगर परिषद चुनाव: मतदानकर्मियों के बीच मतदान सामग्री का वितरण, मिली मतदान की जानकारी

आदर्श आचार संहिता का रखें ध्यान, निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से कराएं मतदान : एसडीओ

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव नगर परिषद चुनाव में अब महज कुछ घंटे ही शेष रह गए हैं। प्रशासन द्वारा इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। बुधवार को क्लस्टर सेंटर राज हाई स्कूल परिसर में निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम के नेतृत्व में मतदानकर्मियों को उनका बूथ नंबर व पार्टी नंबर अलॉट करने के साथ ही उनके बीच मतदान सामग्री का वितरण किया गया। सभी प्रोजाइडिंग पदाधिकारी के नेतृत्व में पूरी मतदान टीम को ईवीएम को छोड़ चुनाव के दौरान उपयोग आने वाले सभी चुनाव सामग्री को दिया गया। ये चुनाव सामग्री प्रोजाइडिंग के जिम्मे ही रहेगी।





सभी 85 मतदान केन्द्रों के चुनाव कर्मियों को मतदान सामग्री का वितरण करने के पूर्व निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ कुमार पंकज ने उन्हें संबोधित किया। अपने संबोधन में एसडीओ ने मतदानकर्मियों को आदर्श आचार संहिता का पाठ पढ़ाते हुए निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से मतदान कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान गड़बड़ी करने वाले कर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। वही उन्होंने कर्मियों को गुरूवार की शाम तक अपने निर्धारित मतदान केन्द्र पर पहुंचने का निर्देश दिया और कहा कि शाम तक मतदान केन्द्र पर नहीं पहुंचने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रोजाइडिंग से रात में ही इसकी सूचना कंट्रोल को देने का निर्देश दिया। उन्होंने मतदान के दिन सुबह में तय समय के अंदर प्रत्याशियों के एजेंटो की मौजूदगी में मॉक पोल कराने तथा समय से चुनाव प्रक्रिया शुरू करने को कहा। एसडीओ ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी बूथों पर प्रत्येक घंटे के पुरूष व महिला के मतदान की संख्या के साथ मतदान प्रतिशत भी कंट्रोल को देना हैं। मतदान दल के साथ ही बूथों की सुरक्षा में तैनात जवानों को भी उनके निर्धारित बूथ को आवंटित करते हुए उन्हें गुरूवार की शाम से तैनात रहने का निर्देश दिया गया हैं।

तीन पदों के लिए मतदान

डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र में मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद तथा वार्ड पार्षद इन तीन पदों पर चुनाव होना हैं। नगर परिषद क्षेत्र में कुल 35 वार्ड हैं। इन 35 वार्डों में निष्पक्ष व शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न कराने के लिए कुल 85 बूथ बनाए गए हैं। सभी बूथों पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व पुलिस बलों की तैनाती की गई हैं। इसके अलावे सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा निवार्ची पदाधिकारी व सहायक निवार्ची पदाधिकारी के अधिकारी भी पूरे दिन विभिन्न बूथों पर जाकर मतदान का निरीक्षण करेंगे।

रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजेगा आदर्श मतदान केंद्र

डुमरांव नगर परिषद चुनाव में आदर्श मतदान केंद्र भी बनेगा, जिसकी तैयारी शुरू कर दी गयी है। इन मतदान केंद्रों को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया जायेगा। साथ ही मतदाताओं के लिए रास्ते पर लाल व हरे रंग के कार्पेट बिछाये जायेंगे। यहां वृद्ध और दिव्यांगों के लिए व्हील चेयर की सुविधा दी जायेगी। इसके अलावा अन्य तरह की भी सुविधा यहां मौजूद रहेगी।

वहीं अन्य मतदान केंद्रों पर पेयजल सहित अन्य मुकम्मल सुविधाएं मुहैया करायी जायेंगी। प्रशासन मतदान कराने को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगा है। इसके लिए स्थानीय राज हाईस्कूल में वाहन कोषांग की स्थापना की गयी है, जहां जब्त वाहनों को प्रशासन द्वारा खड़ा किया जा रहा है। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम कुमार पंकज ने बताया कि मतदान कर्मियों को बूथ तक आने-जाने और ईवीएम को बूथों तक पहुंचाने के लिए करीब सौ वाहनों की जरूरत है। जब्त किये गये वाहनों के लॉग बुक खोलकर मतदान कार्य के लिए तत्पर रहने का निर्देश दिया गया है।

थम गया चुनावी प्रचार का शोर... मतदाताओं की चुप्पी से बढ़ी प्रत्याशियों की धड़कनें

केटी न्यूज/डुमरांव

डुमरांव नगर परिषद चुनाव को लेकर बुधवार की शाम पांच बजे चुनावी प्रचार का शोर थम गया। अंतिम दिन प्रत्याशियों ने अपनी ताकत दिखाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया था। सुबह से शाम पांच बजे तक नगर परिषद क्षेत्र में जुलूस का शोर सुनाई पड़ रहा था। प्रत्याशी तथा उनके समर्थक अंतिम मौके पर अपनी पूरी ताकत झोंक जनता को अपने पक्ष में करने की जुगत करते रहे।

गुरुवार को सभी मतदान बूथों पर पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी। शुक्रवार को मतदान कराया जायेगा। नगर परिषद क्षेत्र के 70 हजार 769 मतदाता 278 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। इसमें मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद और वार्ड पार्षद पद के प्रत्याशी शामिल है। चुनाव प्रचार समाप्त होने के बाद सभी प्रत्याशी व्यक्तिगत जनसंपर्क के साथ वोटरों को अपने पक्ष में करने के लिए जी-तोड़ प्रयास करने में जुटे है। लेकिन वोटरों द्वारा अभी तक पत्ते नहीं खोलने से प्रत्याशियों की धड़कनें बढ़ गयी है। नामांकन से पहले ही नगर की सड़कें हो या गलियां चुनावी रंग से रंग गयी थी। नामांकन के बाद प्रत्याशी मतदाताओं के दरवाजे पर दस्तक देने लगे थे। सभी वार्डो में मतदान के दौरान गड़बड़ी फैलाने वाले शरारती तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया हैं। निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम कुमार पंकज ने बताया कि भयमुक्त और शांतिपूर्ण माहौल बनाने के लिए पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी प्रतिनियुक्त किये गये हैं। सभी बूथों पर महिला-पुरूष पुलिस के जवान और अधिकारी तैनात रहेंगे।

70 हजार 769 मतदाता

डुमरांव नगर परिषद चुनाव के लिए चुनावी महासमर में उतरे चेयरमैन पद के 16 प्रत्याशी, उप चेयरमैन पद के 19 और 35 वार्डों के लिए वार्ड पार्षद पद के 243 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 70 हजार 769 वोटर कुल 85 मतदान केंद्रों पर करेंगे। 9 जून को डुमरांव नगर पर्षद के चेयरमैन, उपचेयरमैन तथा 35 वार्डों के पार्षद पद के लिए मतदान होना है जबकि उनके भाग्य का फैसला 11 जून को किया जायेगा। शांतिपूर्ण और भयमुक्त मतदान को लेकर प्रशासनिक महकमा भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। बूथों पर महिला और पुलिस बल के जवान तैनात रहेंगे हर बूथों पर प्रशासन की पैनी नजर रहेगी।

आज होगी कत्ल की रात

गुरूवार की रात प्रत्याशियों के लिए कत्ल की रात होगी। जिसमें किसी प्रत्याशी का सितारा चमक सकता है तो कईयों की किस्मत भी फूटेगी। जानकारों की मानें तो धनबली तथा बाहुबली एक दिन पूर्व की रात में मतदाताओं को लालच या भय दिखा अपने पक्ष में करने से गुरेज नहीं करते। हालांकि इस बार प्रशासन काफी मुश्तैद हैं। प्रशासन द्वारा पूरे नगर परिषद क्षेत्र की निगरानी की जा रही है। वहीं किसी प्रत्याशी या उनके समर्थकों द्वारा भय या लालच दिखा मतदाताओं को तोड़ने की सूरत में उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। निवार्ची पदाधिकारी कुमार पंकज ने सभी मतदाताओं को भयमुक्त हो तथा स्वेच्छा से मतदान की अपील की है।

देर रात तक डोर टू डोर कैंपेन

बता दें कि बुधवार की शाम पांच बजे चुनावी शोर थमने के बाद से प्रत्याशी अपने खास समर्थकों के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। देर रात तक उनका यह अभियान जारी थी। वही जानकारों की मानें तो वोट के सौदागरों तथा कई राजनेताओं द्वारा भी लोगों को फोन कर अपने चहेत प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की जा रही हैं। हालांकि जनता इस बार अपना पत्ता नहीं खोल रही हैं। बता दें कि पहली बार सीधे चेयरमैन व वाइसचेयरमैन पद का चुनाव हो रहा हैं। जिस कारण जनता भी उत्साहित हैं तथा बिनी किसी भय प्रलोभन के मतदान करना चाहती हैं।

वोटिंग कल: मतदान अवधि में जारी रहेगी निषेधाज्ञा पांच या इससे अधिक व्यक्ति के साथ चलने पर रोक

केटी न्यूज/बक्सर

नगर पालिका आम निर्वाचन 2023 हेतु बक्सर जिला अंतर्गत नगर परिषद डुमरांव एवं नव गठित नगर पंचायत इटाढ़ी के 03 पदों यथा मुख्य पार्षद, उप मुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षद का मतदान 9 जून को निर्धारित है। इसको लेकर अनुमंडल दंडाधिकारी डुमरांव एवं अनुमंडल दंडाधिकारी बक्सर के आदेश के द्वारा सीआरपीसी की धारा 144 के अधीन निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। इसके फलस्वरूप अस्त्र-शस्त्र लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। मतदान की तिथि को मतदान केंद्र के बाहर पांच एवं पांच से अधिक लोग एक साथ एकत्रित नहीं होंगे।

इसके आलोक में निर्वाचन कर्तव्य पर प्रतिनियुक्त गतिशील दंडाधिकारी एवं सभी वरीय पदाधिकारी इस निषेधाज्ञा अंतर्गत निम्न आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तदनुसार कारवाई करना सुनिश्चित करेंगे। मतदान की समाप्ति के समय से 48 घंटे पूर्व ही किसी भी अभ्यर्थी द्वारा प्रचार प्रसार किया जाना वर्जित रहेगा। सभी अभ्यर्थी एवं उनके समर्थक मतदान के बाहरी दीवार से 100 मीटर परिधि से बाहर रहेंगे। मतदान केंद्र पर उम्मीदवारों एवं उनके अभिकताओं को अनुमति प्राप्त वाहन का प्रयोग करने की अनुमति होगी। जो मतदान केंद्र की बाहरी दीवार से 100 मीटर की परिधि से बाहर रहेंगे।

मतदान के दिन किसी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या प्रदर्शन तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग वर्जित रहेगा। यह आदेश बारात, पार्टी, शव यात्रा, हाट बाजार, अस्पताल में ले जा रहे मरीज के साथ जाने वाले व्यक्तियों, पुलिस बल पर लागू नहीं होगी। मतदान केंद्र के बाहरी बैरिकेटिंग से 100 मीटर की दूरी तक कोई मजमा भी नहीं लगेगा. मतदान केंद्र के बाहरी बैरिकेटिंग से 100 मीटर की दूरी के भीतर वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा. सभी जुलूस के दौरान कोई भी ऐसा भाषण व प्रदर्शन नहीं करेंगे। जिससे सामाजिक एवं संप्रदायिक भावनाओं को ठेस पहुंचे तथा जिससे विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था में समस्या उत्पन्न हो। मतदान के दौरान मतदान केंद्र के आस पास ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्णतः वर्जित रहेगा।

युवक को वकील व उसके भाई ने घर में बंद कर पीटा

केटी न्यूज/केसठ

मंगलवार की मध्य रात्रि नावानगर थाना क्षेत्र के केसठ गांव के दक्षिणी डेरा पर एक वकील व उसके भाई ने एक युवक को पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। बाद में पुलिस को बुलाकर एक देशी कट्टा व एक खोखा सहित उसे सुर्पुद कर दिया। जिस वक्त दोनों ने उसे पुलिस के हवाले किया उस वक्त युवक बेहोशी की हालत में था। पुलिस ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल बक्सर पहुंचाया। जिसका ईलाज चल रहा है।

होश में आने के बाद युवक ने आपबीती सुनाई। जिसके बाद पुलिस ने वकील तथा उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी नावानगर थाने पहुंचे और मामले की विस्तार से जानकारी लिए। थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि वकील धीरेन्द्र सिंह व उनके भाई राजकुमार सिंह से घायल युवक अरूण सिंह ने बाइक खरीद विक्री को लेकर विवाद चल रहा था। जिसमें अरूण जेल गया था। 10-15 दिन पहले ही छूट कर आया था। मंगलवार की रात धीरेन्द्र के घर के बगल में एक बारात आई थी। जिसमें अरूण के रिश्तेदार आया था। उसी से मिलकर वो वापस आ रहा था। तभी दोनों भाईयों ने उसे पकड़ कर घर में ले गए तथा जमकर मारपीट की। इससे युवक बेहोश हो गया।



नावानगर के कड़सर गांव में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मान समारोह सह लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन

कड़सर में एक करोड़ की लागत से बनेगा स्टेडियम: अश्विनी चौबे

केटी न्यूज/नावानगर

स्थानीय प्रखंड के कड़सर गांव में बुधवार को भाजपा पार्टी की कार्यकर्ता सम्मान समारोह सह लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय सांसद सह केंद्रीय राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि नौ साल मे नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्रित्व काल में देश का मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आज कार्यकताओं की मेहनत के बदौलत ही भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। सांसद ने कार्यकताओं से भाजपा द्वारा इन नौ साल में जनता के लिए किए गए



कार्यों को जन -जन तक पहुंचाने का अपील किया। इस मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं को अंगवस्त्र व फूल माला से सम्मानित किया गया। इसके बाद उपस्थित लोगों से सांसद सह केन्द्रीय राज्यमंत्री मंत्री ने सीधा संवाद आयोजित कर उनकी समस्याओं को सुना। कार्यक्रम की अध्यक्षता कडसर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अभय सिंह व सोनवर्षा मंडल के अध्यक्ष रविशंकर कुशवाहा तथा संचालन रिकू सिंह ने की।

कार्यकर्ता सम्मेलन में पंचायत के प्रतिनिधियों ने कई समस्याओं से केन्द्रीय राज्यमंत्री को अवगत कराया। इसमें कडसर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अभय सिंह ने गांव की पानी निकासी की समस्या गर्ल्स हाई स्कूल भवन की समस्या एवं जर्जर गांव के सड़क की समस्या से सांसद को अवगत कराया। वहीं सोनबरसा पंचायत के पंपस अजय गुप्ता ने सोनवर्षा में फुट फ्लाई ओवरब्रिज, सोनवर्षा बाजार से अतिक्रमण मुक्त करने, पीपराढ से सोनवर्षा कुंवर पथ की मरम्मत व स्वास्थ्य केन्द्र की मांग की। अतिमी पंचायत के उप मुखिया प्रतिनिधि अभिनन्दन मिश्रा ने नावानगर प्रखंड में एक सरकारी कॉलेज की मांग की। जिस पर सांसद सह केन्द्रीय राज्यमंत्री अश्वनी चौबे ने सभी मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया।

कड़सर में एक करोड़ रुपए की लागत से स्टेडियम बनाने की केन्द्रीय राज्यमंत्री अश्वनी चौबे ने कार्यकर्ता सम्मेलन में घोषणा किया। घोषणा होते ही क्षेत्र के लोगों में खुशी छा गई। बता दें कि बीते माह कडसर गांव का भ्रमण किया था।

एक नजर

पिपरी गांव में आपसी विवाद में दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट, कई लोग जख्मी

डुमरांव। कोरानसराय थाना क्षेत्र के पीपरी गांव में आपसी अदावत में दो पक्षों के बीच हिंसक झड़प हो गई। मारपीट की इस घटना में दोनों पक्षों के करीब आधा दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों के एक-एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। एक पक्ष की बनफूला देवी ने आरोप लगाया है कि उनके पति भीम यादव को दूसरे पक्ष के श्रीनिवास यादव, धर्मेन्द्र यादव, बदरी यादव, विजय यादव, सोनी यादव, संदीप यादव आदि अपने घर में बंद कर मारपीट रहे थे। इसकी सूचना मिलते ही उन्हें बचाने के लिए मैं तथा मेरा बेटा मिंटू यादव व देवर अशोक यादव पहुंचे तो हमलोगों के साथ ही उनलोगों ने बेरहमी से मारपीट किया। किसी तरह ग्रामीणों के हस्तक्षेप से उनलोगों के चंगुल से जान बची। वही दूसरे पक्ष के बद्री यादव की पत्नी सावित्री देवी ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया हैं कि उनके दरवाजे पर चढ़कर अशोक यादव, अनिल यादव, अर्जुन यादव, सुभाष यादव, टुनटुन यादव, मिंटू यादव, टिंकू यादव ने मारपीट किया हैं और जाते समय मेरे गले से सोने का जीउतिया भी छिन ले गए हैं। थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों का एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

बक्सर में होल्डिंग टैक्स को लेकर आयोजित कैंप तेज धूप और लू के कारण स्थगित

बक्सर। नगर परिषद् बक्सर क्षेत्रान्तर्गत अलग-अलग तिथियों को चयनित स्थलों पर कैम्प लगाकर कर होल्डिंग टैक्स की वसूली की जा रही है। इसके तहत बुधवार को कार्यपालक पदाधिकारी द्वारा निर्धारित स्थल आदर्श मध्य विद्यालय, नई बाजार का निरीक्षण किया गया। जिसमे कर वसूली हेतु प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा बताया गया कि धूप और लू के वजह से लोग टैक्स कटाने नहीं आ रहे हैं। जिससे कर वसूली बहुत कम हो रही है। इस स्थिति में अगले आदेश तक पूर्व निर्धारित कैम्प लगाकर कर वसूली कार्य स्थगित करने हेतु निदेशित किया गयाद्ध जिसमे सभापति प्रतिनिधि नियम्तुल्ला फरीदी, राजू कुमार राय, वार्ड पार्षद, प्रधान सहायक, नवीन कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।

गांजा के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

बक्सर। औद्योगिक थाना पुलिस ने शेरपुर गांव से आधा किलो गाजा के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शेरपुर गांव में एक महिला गांजा की कारोबार कर रही है। सूचना मिलते ही पुलिस ने एक टीम गठित कर बताई हुई जगह पर छापेमारी करते हुए घर में छुपा कर रखे आधा किलो गांजा बरामद कर लिया। गांजा तस्करी के जुर्म में पुलिस ने एक महिला तस्कर को गिरफ्तार भी कर लिया। गिरफ्तार तस्कर से पुलिस ने पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया।

मोदी सरकार का गुणगान काम नहीं करने का ही प्रतिफल है : कामेश्वर पांडेय

बक्सर। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व सचिव कामेश्वर पांडेय ने बयान जारी कर कहा है कि भाजपा के द्वारा पूरे देश में 9 साल बेमिसाल की गाथा देशवासियों को बताई जा रही है. मोदी सरकार का जो गुणगान किया जा रहा है, यह काम नहीं करने का ही प्रतिफल है। मोदी सरकार 9 साल में 2528 दिनों में प्रिंट मीडिया पर अखबारी विज्ञापन पर 23 अरब तीन करोड़ 44 लाख 40 हजार 961 प्रत्येक दिन के हिसाब से 71 लाख रुपया केवल अपनी प्रशस्ति के गाने में एवं चेहरा चमकाने में खर्च किया गया है। जो देश के गरीबों का यह पैसा है। तमाम सारे नेता बक्सर लोकसभा में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव विनोद तावड़े एवं केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे जगह-जगह कार्यक्रम कर यह जनता को बताने का काम कर रहे हैं। मोदी का ही केवल प्रशस्ति गाया जा रहा है। लेकिन यह बताने की कोशिश नहीं की जा रही है जो चुनावी वादा किया गया था। वह अभी पूरा नहीं किया गया। न बेरोजगारी खत्म हुई, न लोगों को रोजगार मिला, न ही देश में महंगाई खत्म हो रही हैद्ध बल्कि बेरोजगारी बढने के साथ ही महंगाई में बेतहासा वृद्धि हुई है।

खबरें फटाफट

एंबुलेंस की टक्कर से ई-रिक्शा सवार तीन लोग घायल

बलिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के सिविल लाइन डाक बंगला के पास बुधवार की दोपहर एंबुलेंस की टक्कर में ई-रिक्शा सवार महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एंबुलेंस बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास के लोगों ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज चल रहा है। ई-रिक्शा बहादुरपुर से सवारी लेकर माल्देपुर की तरफ जा रहा था। अभी सिविलि लाइन पीडब्लूडी डाक बंगले के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार एंबुलेंस ने जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे ई-रिक्शा में सवार गोपिचंद्र उम्र 60 निवासी माल्देपुर, श्याम सुंदरी उम्र 45 निवासी माल्देपुर, कन्हैया चौरसिया उम्र 28 निवासी बहादुरपुर है। घायलों की मानें तो दोष एंबुलेंस चालक का था जिसके चलते हादसा हुआ है।

डीएम ने निर्माण कार्य का लिया जायजा

बलिया। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने छाया टॉकीज रोड पर नगर पालिका के नाला निर्माण का कार्य देखा। उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देश दिया कि नाला निर्माण का कार्य जल्द से जल्द पूरा कराया जाए क्योंकि समय से कार्य पूरा न होने पर बारिश के समय जलभराव की समस्या उत्पन्न होगी। ईओ नगरपालिका ने आश्वासन दिया कि एक महीने में कार्य पूर्ण हो जाएगा। जिला अधिकारी ने उसके आगे छाया टॉकीज से होटल पार्क इन तक ग्राम पंचायत क्षेत्र में आने वाले नाला निर्माण के कार्य को भी देखा। जिला पंचायत अभियंता ने जिला अधिकारी को बताया कि यह क्षेत्र ग्राम पंचायत में आने के कारण यहां पर नाला निर्माण करने में समस्या आ रही है। जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा को निर्देश दिया कि इसके संबंध में प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाए।

अरुण बने उच्च न्यायालय में अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम

मऊ। उत्तर प्रदेश शासन नें अपने शासनादेश संख्या -डी -576 -न्याय -3-2023-19रिट /2017 दिनांक 06 जून 2023 के तहत, मूल रूप से ताजोपुर मऊ निवासी व सिविल कोर्ट बार एसोसिएशन मऊ के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विजय बहादुर पाण्डेय के कनिष्ठ सुपुत्र अरुण कुमार पाण्डेय को उच्च न्यायालय इलाहबाद (प्रयागराज) में बनाया A. G. A. 1(अपर शासकीय अधिवक्ता प्रथम) पाण्डेय के A. G. A. 1 बनाये जाने का समाचार प्राप्त होते ही जनपद मऊ के नागरिकों में हर्ष की लहर दौड़ गई और बधाईयों का ताँता लग गया ।

स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर करेंगे ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोली वितरित

- दस्त नियंत्रण पखवाड़ा 22 जून व कदम सुपोषण की ओर अभियान 6 चलेगा छह जुलाई तक

केटी न्यूज/बलिया

शिशु एवं बाल मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा एवं प्रत्येक गर्भवती व धात्री महिला तक आयरन, फोलिक एसिड, कैल्शियम एवं एल्बेंडाजोल की उपलब्धता व सेवन एवं प्रत्येक अतिकुपोषित (सैम) बच्चों तक फोलिक एसिड, आईएफए सिरप, एल्बेन्डाजोल विटामिन ए एवं मल्टीविटामिन की उपलब्धता व सेवन शतप्रतिशत सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से एक कदम सुपोषण की ओर अभियान का उद्घाटन बुधवार को जिला महिला अस्पताल से मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयन्त कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुमिता सिन्हा ने किया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि एक कदम सुपोषण की ओर अभियान 6 जुलाई तक चलेगा एवं दस्त नियंत्रण पखवाड़ा 22 जून तक चलाया जाएगा। दस्त नियंत्रण पखवाड़े के दौरान स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोली वितरित करेगी। उन्होंने बताया कि डायरिया, बच्चों के लिए घातक हो सकता है, इसलिए बच्चों को लेकर खासतौर पर सावधानी बरतें। उल्टी-दस्त होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाएं और चिकित्सक से परामर्श लें। आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर पांच वर्ष तक की आयु वाले सभी बच्चों के घर में ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां वितरित करेंगी। इसके अलावा बच्चों वाले घरों में वह



ओआरएस का घोल तैयार करने की वि?धि भी बताएंगी जिससे जरूरत पड़ने पर घर में घोल तैयार कर बच्चे को दिया जा सके। साथ ही बच्चों को हाथ धोने के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई बहुत जरूरी है। खासकर हाथों की सफाई का ध्यान रखें। गर्मी में खुद को हाईड्रेट रखने के लिए समय-समय पर पानी पीते रहें और डायरिया होने पर ओआरएस का घोल लेना न भूलें, केवल चिकित्सक के परामर्श पर ही दवा लें। गृह भ्रमण के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता डायरिया ग्रसित बच्चों की कुपोषण की जांच भी कराएंगी और यदि बच्चा कुपोषण की श्रेणी में मिला तो उसे तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा आशा कार्यकर्ता लोगों को डायरिया से बचाव के लिए साफ-सफाई, पौष्टिक आहार और कोई समस्या होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक से परामर्श लेकर उपचार शुरू कराने की सलाह भी देंगी। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ आरबी यादव, डॉ संजय वर्मा, हॉस्पिटल मैनेजर कुमारी स्वेता, जिला महिला अस्पताल के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

केजरीवाल देश के सबसे बड़े नौटंकीबाज नेता अखिलेश बनना चाहते हैं उनका शिष्य : पूर्व सीएम

- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बलिया पहुंचे उत्तराखंड के त्रिवेंद्र सिंह ने विपक्ष पर साधा निशाना
- केंद्र सरकार के 9 साल पूरे करने के पर गिनायी उपलब्धियां, लोगों को किया प्रेरित
- प्रधानमंत्री को रोकने के लिए विदेशों से भेजे जा रहे हैं पेट्रो डॉलर

केटी न्यूज/बलिया



उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को बलिया का दौरा किया। इस दौरान बीजेपी के वरिष्ठ व्यापारी नेता आलोक जायसवाल के घर पहुंचे थे। बीजेपी के महासम्पर्क अभियान के तहत पूर्व सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत ने बलिया का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने बुद्धजीवियों, व्यापारियों, कलाकारों के साथ बैठक की। बलिया में उत्तराखंड के पूर्व सीएम त्रिवेंद्र रावत ने लोकसभा चुनाव के तहत जनसम्पर्क किया। अपने कार्यक्रम के तहत बुद्धजीवियों, व्यापारियों, कलाकारों से त्रिवेंद्र सिंह रावत ने मुलाकात किया। मौके पर उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा।

त्रिवेंद्र सिंह ने अरविंद केजरीवाल और अखिलेश यादव की मुलाकात पर भी तंज कसा। पूर्व सीएम ने हमला करते हुए अरविंद केजरीवाल को देश का सबसे बड़ा नौटंकीबाज नेता करार दिया। उन्होंने कहा कि अगर अखिलेश यादव केजरीवाल से नौटंकी का गुण सीखना चाहते हैं। वो केजरीवाल को अपना गुरु बनाना चाहते हैं तो इसमें हम सब क्या कर सकते हैं। आने वाले समय में यह सब एक दूसरे के खिलाफ लड़ेंगे और एक दूसरे की गर्दन भी काटेंगे।

गुंडे और माफिया समाजवादी पार्टी के कैडर रहे हैं : वहीं, नैमिषारण्य से सपा के लोकसभा चुनाव का आगाज करने पर भी त्रिवेंद्र रावत ने प्रतिक्रिया दी। पूर्व सीएम ने कहा कि सपा ने उत्तर प्रदेश को गुंडाराज में झोंकने का काम किया है। तमाम गुंडे और माफिया समाजवादी पार्टी के कैडर रहे हैं और उन्हें माननीय बनाने का काम भी सपा ने किया है। सपा के मुखौटे को यूपी की जनता अच्छी तरह से जानती है। प्रदेश की जनता ने उन्हें पहले भी नकारा है और इस बार भी नकारेगी। आगे उन्होंने कहा कि महासम्पर्क अभियान के तहत बीजेपी कार्यकर्त्ता घर घर जनसम्पर्क अभियान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता को बताया जा रहा है। उन्होंने आगामी लोकसभा चुनाव के बीजेपी की प्रचंड जीत का दावा किया।

पीएम ने जो वादे किए थे, पूरा किया : पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड छोटा भाई व बड़ा भाई है। 2014 से पहले विश्व पटल पर देशवासी अपने आप को अपमानित महसूस करते थे, लेकिन 2014 में लोगों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ वोट डाला और नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया। सत्ता की डोर थामने से पूर्व नरेन्द्र मोदी ने वादा किया था कि सरकार भ्रष्टाचार मिटाने के लिए शासन जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलेगी। आज 9 वर्षों में जो वादा किया गया भ्रष्टाचार मुक्त सरकार देने का वह वादा सफल रहा। आज पूरी दुनिया में भारत की पहचान बनी है। दुनिया के कोने-कोने में रहने वाले लोगों का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 वर्ष बीतने के बाद भी लोगों के पास घर नहीं था स्वास्थ्य सुविधायें बदहाल थी, बीते 9 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी केंद्र सरकार ने जमीनी स्तर पर लोगों को सभी सुविधाएं पहुंचाने का कार्य किया।

अंतरराष्ट्रीय शक्तियां फिर देश को तोड़ने के लिए लगी हुई हैं : पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले देश के जवानों के हाथों में हथियार तो दिए जाते थे, लेकिन चलाने का अधिकार नहीं था, आज जवान किसी आदेश का इंतजार नहीं करते हैं और मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। ढांचा गिरा तो भाजपा की तीन सरकारें गिरा दी गई। जिसमें उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश व राजस्थान की सरकार थी।

आज फिर अंतरराष्ट्रीय शक्तियां देश को तोड़ने के लिए लगी हुई हैं। विदेशों से पेट्रो डॉलर भेजे जा रहे हैं। ताकि जातियों को आपस में लड़ा कर किसी तरह से नरेंद्र मोदी को रोकना है। इसलिए प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को सोचना होगा और सतर्क रहना होगा। इससे पूर्व आयोजक पूर्व विधायक भगवान पाठक व पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, राज्यसभा सांसद शकलदीप राजभर तथा सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा नें पूर्व मुख्यमंत्री के साथ जूनियर हाईस्कूल के प्रांगण में पौधरोपण किया।

एक नजर

लंदन से लौटे जनपद के दो फुटबाल खिलाड़ियों का स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुआ भव्य स्वागत



मऊ। जनपद मऊ के दो फुटबाल खिलाड़ी मो0 नदीम एवं आयुष राजभर लंदन में आयोजित आर्सलैन युथ फुटबाल कप के फाइनल मैंच में विजय हासिल करने के उपरान्त अपने गृह जनपद मऊ पहुंचने पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के मुख्य अतिथि घोसी सासंद के प्रतिनिधि गोपाल राय एवं एडवोकेट विरेन्द्र पाल रहे। सर्व प्रथम मुख्य अतिथिगण का स्वागत मुकेष कुमार सब्बरवाल, उप क्रीड़ा अधिकारी, के द्वारा बुके देकर किया गया। विषिश्ट अतिथि आनन्द सिंह, सचिव, जिला ओलम्पिक संघ, मऊ का स्वागत संजय सिंह, सचिव, जिला हॉकी द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। दोनों खिलाड़ियों को सभी अतिथियों एवं मुकेष कुमार सब्बरवाल, उप क्रीड़ा अधिकारी द्वारा माल्यार्पण एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा उक्त दोनों खिलाड़ियों के साथ सभी खेल के खिलाड़ियों को अपना आषीर्वाद एवं शुभकामनायें दी। कार्यक्रम का संचालन ओमेन्द्र सिंह, अध्यक्ष, जिला हॉकी, के द्वारा किया गया एवं मुकेष कुमार सब्बरवाल, उप क्रीड़ा अधिकारी, के द्वारा सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

सीएम से मिली हरी झंडी, स्थापित होगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा



बलिया। अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच के आजमगढ़ मंडल प्रभारी ब्रजेश सिंह बघेल बुधवार को स्टेडियम तिराहे पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह के अथक प्रयास से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित होने जा रही है। इसके लिए अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच बीते एक वर्षों से प्रयासरत है। बुधवार को प्रतिमा स्थापित होने की स्वीकृति मिलने के बाद मंच के पदा?धिकारियों में खुशी की लहर है। मंडल प्रभारी ब्रजेश सिंह बघेल ने मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह का आभार प्रकट करते हुए उन्हें कोटि-कोटि बधाई दी है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि प्रतिमा स्थापित करने के लिए स्टेडियम तिराहा को पहले ही चिह्नित किया जा चुका है। काफी दिनों से हम लोग इस प्रयास में लगे थे कि समूचे भारत का गौरव शिरोमणि महाराणा प्रताप के प्रतिमा की स्थापना बागी बलिया में हो। कहा कि भारत वर्ष के हर राज्यों के हर जिलों में महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित है। लेकिन बलिया इससे अछूता रहा, लेकिन मुख्यमंत्री के प्रयास से अब बलिया वासियों का यह सपना भी पूरा होने जा रहा है।

महाराजा सुहेलदेव शौर्य दिवस समारोह की सफलता के लिए मंत्री ने लगाई जन चौपाल



गाजीपुर। सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर बुधवार को आईटीआई मैदान में दस जून को होने वाले महाराजा सुहेलदेव शौर्य दिवस समारोह की सफलता के लिए जंगीपुर विधानसभा के नियांव (वाजिदपुर), हृदयपुर सरायबंदी, रूहीपुर, बोगना, बिरनो पड़ाव, चुरावनपुर, अबिसहन तथा चौबेपुर तरछा में जन चौपाल लगाकर लोगों से कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। कहा कि महाराजा सुहेलदेव ने भारतीय संस्कृति के सम्मान, स्वाभिमान के लिए पूरी तरह से समर्पित होकर संघर्ष करते हुए मूगलों को परास्त किया। मंत्री ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार समृद्ध हो रहा है। भारत और भारतीयों का सम्मान पूरे विश्व में बढ़ रहा है। इस अवसर पर राजेश भारद्वाज, लालसा राजभर, अनिल राजभर, मयंक जायसवाल, गुड्डू राजभर, प्रदीप राजभर, मनोज कुशवाहा, चंद्रभान राजभर, श्रवण कुमार, राकेश राजभर आदि मौजूद रहे।

50 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध है धान का बीज



मऊ। जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडारों पर खरीफ फसलों के आधारीय एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध हो गए हैं। धान बीज में प्रमुख रूप से शियाट्स 4 और 1, एमटीयू 7029, बीपीटी 5204, साम्भा सब 1, एच यू आर 917 आदि प्रजातियो के बीज उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार ने सभी किसानों को सूचित किया कि जनपद के सभी राजकीय कृषि बीज भंडार पर खरीफ फसलों के आधार एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध हो गए हैं ,धान बीज में प्रमुख रूप से शियाट्स 4 और 1, एमटीयू 7029, बीपीटी 5204, साम्भा सब 1, एच यू आर 917 आदि प्रजातियो के बीज उपलब्ध है। कृषक बंधु जिस विकासखंड के निवासी हैं, उस विकासखंड के बीज भंडार से समन्वय स्थापित आप बीज प्राप्त कर सकते हैं। 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध है। जिला कृषि अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि अनुदान की राशि आपके खाते में कुछ दिनों बाद अंतरित कर दी जाएगी। इसके अलावा बहुत जल्द ही उर्द, मुंग, मूंगफली, अरहर के बीज भी उपलब्ध हो जाएंगे और राजकीय कृषि बीज भंडारों के माध्यम से विक्रय किया जाएगा। राजकीय कृषि बीज भंडार कोपागंज में जिला कृषि अधिकारी द्वारा धान बीज का वितरण भी किया गया।

अप्राकृतिक दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

- शुभम उसके पुत्र को बहला फसलाकर भाई से भेंअ कराने को बुलाया
- जानकारी उसने आकर घर के लोगों से बताई

केटी न्यूज/गाजीपुर

मुहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले आठ वर्षीय बालक के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म करने के आरोपित किशोर को पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इलाके के एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीते शनिवार की रात में उसके गांव में बारात आई थी।

बारात देखने उसका पुत्र भी गया था। वहां पर मौजूद शुभम उसके पुत्र को बहला फुसलाकर भाई से भेंट कराने के लिए बुलाया, लेकिन उसका पुत्र नहीं गया। उसके बाद आरोपित मेरे पुत्र को जबरन झाड़ी में सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बालक के चिल्लाने पर उसका मुंह बंद कर दिया गया। इसकी जानकारी उसने आकर घर के लोगों से बताई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धारा में मामला पंजीकृत करने के उपरांत पीड़ित बालक का मेडिकल मुआयना कराया। साथ ही आरोपित को गिरफ्तार कर चालान की कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक घनानंद त्रिपाठी ने बताया कि मामला पंजीकृत कर आरोपित को गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया है।

ताड़ीघाट- मऊ नई रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना का मंत्री ने किया निरीक्षण

- अब तक हुए कार्यों की मंत्री व अफसरों ने की समीक्षा

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के प्रभारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प और न्यायालय शुल्क/पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट में शुमार 51 किमी लंम्बी ताड़ीघाट- मऊ नई रेल लाइन विस्तारीकरण परियोजना के पहले चरण का निरीक्षण एवं अब तक हुए कार्यो की समीक्षा बैठक करने के साथ ही उन्होंने परियोजना नवंबर -2023 तक हर हाल में पूरा कर लिया गया। ताकि नए साल से पहले पीएम अपने हाथों से इस महत्वाकांक्षी परियोजना को देश को समर्पित कर सकें। प्रभारी मंत्री के



परियोजना के निरीक्षण की खबर मिलते ही आनन-फानन में सभी प्रशासनिक मशीनरियां रात से ही सक्रिय हो गई। कहीं से कोई चूक न मिले अधिकारी, इंजीनियर रात से लेकर सुबह तक सक्रिय नजर आए। वाराणसी सर्किट हाउस से आज सुबह करीब दस बजे सड़क मार्ग से चल कर गाजीपुर सर्किट हाउस पहुंचे, वहां से सीधे घाट स्टेशन स्थित आरवीएनएल के गेस्ट हाउस में साढ़े ग्यारह बजे सड़क मार्ग से होते हुए आए, जहां उन्हें प्रोजेक्ट के माध्यम से इंजीनियरो ने प्रजेंटेशन दिया। उसके बाद उनका काफिला रेल सह सड़क पुल के निरीक्षण के लिए पहुंचा, जहां ?उन्होंने बकायदा ट्राली व पैदल चलकर अवलोकन किया। इस दौरान प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प और न्यायालय शुल्क /पंजीयन विभाग रवीन्द्र जायसवाल ने कहा कि आज हम लोग विकास को तीर्थ मानते हैं।केवल मन्दिर, मस्जिद ही तीर्थ नहीं है, बल्कि विकास का माडल तीर्थ का स्थान है। विकास होता है तो आम जनता देश का भला होता है। निरीक्षण का उद्देश्य पूरे देश में समय से निर्माण कोई दिक्कत न हो, हम विकास का दर्शन करते है। इसका भाव यह है कि जब यह समय से जल्द बनेगा तो देश को समर्पित होगा, तो देश को लाभ होगा।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के तत्वावधान में संगोष्ठी आयोजित, लोगों को किया गया जागरूक

सीजन के इतर किसी भी प्रकार की बोतलबंद वस्तु लाभप्रद नहीं : आरके दीक्षित

केटी न्यूज/मऊ

खाद्य सुरक्षा के बाबत केवल मल्टीनेशनल कंपनियों द्वारा तय स्टैंडर्ड मानक के भरोसे ही नहीं रहना चाहिए। बल्कि स्वयं अपने दिल दिमाग व पारंपरिक परंपराओं का भी अनुसरण करना चाहिए। बेहतर स्टैंडर्ड मानक सीजनल फल सब्जी में ही हो सकते हैं। जबकि सीजन के इतर किसी भी प्रकार का बोतलबंद वस्तु मिल रही है तो वह उतना लाभप्रद साबित नहीं होगी। जितनी सीजन में प्राकृतिक खाद्यान्नों में प्राप्त होती है। उपरोक्त बातें खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके दीक्षित ने कहा।

नगर के एक प्लाजा में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए खाद्य सुरक्षा



अधिकारी बिंदु पांडेय ने कहा कि विश्व खाद्य सुरक्षा दिवस एक महत्वपूर्ण वैश्विक दिन है। जिसका उद्देश्य खाद्य सुरक्षा के महत्व और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर इसके प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। यह व्यक्तियों, समुदायों और सरकारों को हमारे द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले भोजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय उपाय करने के लिए एक रिमाइंडर के रूप में कार्य करता है। उन्होंने प्राकृतिक परंपरागत खाद्य पदार्थों के लाभ पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राकृतिक खाद्यानो से जुड़ाव एक उत्पादक भी बढ़ाता है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी दिनेश राय ने बताया कि खाद्य सुरक्षा को हल्के में लेने की बात नहीं है। असुरक्षित भोजन से विभिन्न स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं, जिनमें खाद्य जनित बीमारियाँ, विषाक्तता और यहाँ तक कि मृत्यु भी शामिल है।औषधि निरीक्षक राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार आज दवाओं पर भी प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू हो गई है। विगत दिनों सरकार द्वारा लगभग दर्जनभर से अधिक उन दवाओं जिनसे लोगों के शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था उन दवाओं पर प्रतिबंध लगा दी गई है। वहीं विश्व स्वस्थ्य संगठन के अनुसार दूषित भोजन खाने के कारण हर साल लगभग 600 मिलियन लोग बीमार पड़ते हैं और उनमें से 420,000 लोगों की जान चली जाती है।

वक्ताओं ने कहा कि स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सख्त खाद्य सुरक्षा उपायों और निरंतर सतर्कता की आवश्यकता हैं। गोष्ठी को खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज यादव, रामानंद, जय हिंद राम, श्रीराम जायसवाल, कन्हैया लाल, ब्रज भूषण गुप्ता इत्यादि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कन्हैया लाल जायसवाल, ब्रजभूषण गुप्ता, राजीव कुमार, पारसनाथ गुप्ता, वासुदेव चौहान, मनोज सोनकर, परमेश्वर परमी, अनुपम राय, आशुतोष सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन खाद्य सुरक्षा अधिकारी जय हिंद राम व अध्यक्षता मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके दीक्षित ने किया।